## हिन्दी प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी चंडीगढ़
### (तिथि 09अगस्त2024, समय 1810 (10 मिनट))

- संसद के दोनों सदन आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिये गये।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और सरबजोत सिंह से की मुलाकात।
- एक पेड मां के नाम अभियान के तहत हरियाणा में 16 अगस्त को एक दिवसीय राज्यव्यापी पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें लाखो पौधे लगाए जाएंगे।
- राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी 11 से 13 अगस्त तक प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन करेगी।
- हरियाणा में 11 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जाएगा।

*****************************************************************

संसद के दोनों सदन आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिये गये। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई को शुरू हुआ था और यह सोमवार को समाप्त होने वाला था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने कहा कि 115 घंटे तक चले इस सत्र में 15 बैठकें हुईं। उन्होंने कहा कि बजट पर 27 घंटे से ज्यादा चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान 12 विधेयक पेश किए गए और इनमें से चार लोकसभा ने पारित किए। इनमें वित्त विधेयक, विनियोग विधेयक, जम्मू-कश्मीर विनियोग विधेयक और भारतीय वायुयान विधेयक शामिल हैं। श्री बिडला ने कहा कि सत्र के दौरान लोकसभा में 136 प्रतिशत उत्पादकता रही। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सदन में बजट पर करीब 22 घंटे चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान सदन 90 घंटे तक चला। उन्होंने कहा कि अगला सत्र सदन के प्रत्येक सदस्य और पूरे देश के लिए फायदेमंद होगा।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आज उनके आवास पर पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमेशा हरियाणा के खिलाड़ियों ने राज्य और देश का नाम रोशन किया है। हरियाणा के खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर हमें बहुत गर्व है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने नीरज चोपड़ा को भी रजत पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। हॉकी में भी राज्य के तीन खिलाड़ियों ने कांस्य पदक हासिल किया है। उन्होंने कहा कि 2 प्रतिशत से भी कम आबादी वाले हरियाणा ने एक बार फिर ओलंपिक में देश का नाम रोशन किया है। देश को अब तक मिले 5 पदकों में से 4 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर मनु भाकर ने कहा कि हरियाणा की समृद्ध संस्कृति और खान-पान की अच्छी आदतों ने राज्य के खिलाड़ियों में खेल प्रतिभा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मनु भाकर ने राज्य की खेल नीति को देश में सर्वश्रेष्ठ बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने हमेशा हमारी प्रतिभा को निखारने के लिए हरसंभव मदद की है। सरबजोत सिंह ने पेरिस ओलंपिक में हरियाणा के दबदबे पर भी प्रकाश डाला और कहा कि भारतीय एथलीटों द्वारा जीते गए अधिकांश पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं।

*************************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए शुरू किए गए एक पेड मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए आज पंचकूला के शक्ति भवन परिसर में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उनका संरक्षण भी करें। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ साथ उनका संरक्षण करके ही सही मायने में एक पेड़ मां के नाम अभियान की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ . अमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेश में 16 अगस्त को एक दिवसीय राज्यव्यापी पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें प्रत्येक जिले में कम से कम 2.50 लाख पौधे लगाए जाएंगे। उस दिन प्रदेश में एक साथ कुल 51 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम कैथल में आयोजित किया जाएग।

**********************************************************************

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयुष विभाग पलवल द्वारा गांव आमरू स्थित व्यायामशाला में औषधियों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजीव तोमर ने पौधारोपण किया और बताया कि आयुष विभाग द्वारा जिले की 30 व्यायामशालाओं में पौधारोपण अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत प्रत्येक व्यायामशालाओं में 150 औषधीय पौधे लगाए गए है। उन्होंने कहा कि मां को सम्मान देते हुए एक पौधा अवश्य लगाए और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रियंका रानी ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में 3 हजार से 5 हजार पौधे लगाए जाएगें।

********************************************************************************

राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के हिस्से के रूप में भारतीय जनता पार्टी 11 से 13 अगस्त तक प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन करेगी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने एक वक्तव्य में बताया कि 12 से 14 अगस्त तक सभी स्वतंत्रता सेनानियों और देश के सभी युद्ध स्मारकों पर पुष्पचक्र और पुष्पांजलि अर्पित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को सभी जिलों में एक मूक मार्च सहित विभाजन स्मरण दिवस मनाया जाएगा। श्री चुघ ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों और व्यवसायिक संस्थानों में तिरंगा फहराया जाएगा। इससे समूचा देश तिरंगे के रंग में रंग जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी अधिकारी, नेता और जनप्रतिनिधि स्वतंत्रता दिवस समारोह में भागीदारी करेंगे।

******************************************************************************

हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में 11 से 15 अगस्त तक प्रदेशभर में 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान हर दिन एक एंकर डिपार्टमेंट होगा, जिसकी देखरेख में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस अभियान में राज्य सरकार के मंत्री तथा अन्य जनप्रतिनिधि भी शिरकत करेंगे। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों की बैठक दौरान कहा कि 11 अगस्त को महिला एवं बाल विकास विभाग तथा विकास एवं पंचायत विभाग, 12 अगस्त को स्कूल शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा विभाग, 13 अगस्त को खेल एवं युवा मामले विभाग, 14 अगस्त को पुलिस विभाग बतौर एंकर डिपार्टमेंट कार्यक्रम की देखरेख करेंगे। 15 अगस्त को अमृत सरोवरों पर समारोह आयोजित किए जाएंगे, जहां तिरंगा फहराया जाएगा और पेड़ भी लगाए जायेंगे। वहीं पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का राष्ट्र के नाम संदेश भी सुना जाएगा। उन्होंने कहा कि मिशन मोड में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के अंतर्गत 16 अगस्त को 51 लाख पेड़ लगाए जाएंगे। श्री प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में लगाए जा रहे समाधान शिविरों में प्राप्त 71,363 शिकायतों में से अब तक 55,046 शिकायतों का समाधान हो चुका है। इसी तरह, परिवार पहचान पत्र से जुड़ी शिकायतों में से 90 प्रतिशत का समाधान किया जा चुका है।

********************************************************************************

हरियाणा सरकार ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 9 सेवाओं को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत शामिल कर ये सेवाएं प्रदान करने के लिए 5 दिन की समय-सीमा निर्धारित की है। मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के रिकॉर्ड में नाम की वर्तनी में परिवर्तन, विवाह के बाद नाम परिवर्तन, तलाक के बाद नाम परिवर्तन, पुनर्विवाह के बाद नाम परिवर्तन, प्लॉट मेमो में लिंग के अपडेशन, प्लॉट मेमो में वैवाहिक के अपडेशन, प्लाॅट मेमो में पति या पत्नी के मृत्यु की तिथि के अपडेशन, मोबाइल नम्बर के अपडेशन और ई-मेल के अपडेशन के लिए 5 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है। इस कार्यों के लिए सम्बन्धित सम्पदा कार्यालय के उपाधीक्षक को पदनामित अधिकारी, संबंधित सम्पदा कार्यालय के सम्पदा अधिकारी को प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी और सम्बन्धित सम्पदा कार्यालय के क्षेत्रीय प्रशासक को द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी नामित किया है।

*****************************************************************************

हरियाणा सरकार ने ग्रुप-ए और ग्रुप-बी पदों के लिए नियुक्ति प्राधिकारियों को हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) पोर्टल के माध्यम से अपने मांग पत्र अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। ऑनलाइन मांग पत्र प्लेटफॉर्म

https://rps.hpsc.gov पर देखा जा सकता है। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार ग्रुप-ए और ग्रुप-बी पदों के लिए मांग पत्र वर्तमान में विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों द्वारा एचपीएससी को ऑफलाइन मोड में भेजे जा रहे हैं। इन फॉर्मों की समीक्षा के दौरान आयोग ने कई विसंगतियाऐ पाई गयी, जिसके कारण फॉर्म को सुधार के लिए संबंधित विभागों को वापस कर दिया गया है। भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आयोग ने सुरक्षा उपायों के साथ फॉर्म में त्रुटियों को कम करने के लिए एक ऑनलाइन मांग पोर्टल विकसित किया है। इसलिए सरकार ने निर्णय लिया है कि केवल ऑनलाइन मांग पत्रों पर ही विचार किया जाएगा। आयोग द्वारा अब ऑफलाइन फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

***************************************************************************

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बताया कि ढाई वर्षो के कार्यकाल में आयोग के पास लगभग 9,150 मामले आए, जिनमें से 98 फीसदी का निवारण कर दिया गया है। श्रीमती भाटिया ने आज फरीदाबाद में आयोजित "काम की बात, पत्रकारों के साथ" कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आयोग ने इस समय में 500 से अधिक कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित की हैं, जो अन्य राज्यों की महिला आयोगों के मुकाबले सबसे अधिक हैं। इन कार्यक्रमों में महिलाओं के विधिक अधिकार, साइबर सुरक्षा, मानव तस्करी के खिलाफ अभियान और महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में कानूनी जागरूकता जैसे विषय शामिल थे। इसके अलावा, आयोग ने महिला शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का निवारण किया।

***************************************************************************